जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 24.01.2025

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

- *थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
- *थाना दुधारा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
- *थाना महुली पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 3312 द्वारा पिकअप व बाईक का आपस में टक्कर होने से घायल 02 व्यक्तियों को भेजवाया गया अस्पताल- पीआरवी 3312 को इवेंट सं0 51080 से थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत लेड़ुआ महुआ से पिकअप व बाईक का आपस में टक्कर होने से घायल 02 व्यक्तियों (01. सेराज पुत्र शमीम अहमद ग्राम रदरनपुर थाना पकड़ी घाट जनपद देवरिया 2. अजमल पुत्र ऐनुल ग्राम बेतवल थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर) के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायल महिला को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर दुर्घटना में घायल को ईलाज हेतु जिला अस्पताल खलीलाबाद भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

पीआरवी स्टाफ- आ0 राहुल यादव, हो0चा0 ओमकार गुप्ता।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 84 वाहनों से 96,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 24.01.2025 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 84 वाहनों से 96,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

महोदय चौकी प्रभारी जगदीशपुर उ0 नि0 श्री प्रमोद कुमार नायक द्वारा अवगत कराया गया कि राजन यादव पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम अशरफपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर (छात्रसंघ युवा नेता सपा) पूर्व में जो सपा नेताओं द्वारा मा0 गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह जी का पुतला फुका गया था उसमें ये भी था।

थाना बखिरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री सत्यजीत गुप्ता* द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल *श्री केशवनाथ* के निकट पर्यवेक्षण में थाना बखिरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 14/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता रामअजोरे पुत्र जित्तू उर्फ जितई निवासी ग्राम परतिया थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को आज दिनाँक 24.01.2025 को नंदौर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 16.01.2024 को थाना बखिरा पर वादिनी की नाबालिग पुत्री के दिनाँक 11.01.2024 को घर से बहला-फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना बखिरा पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धाराओं की बढोत्तरी कर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 24.01.2025 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- उ0नि0 श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह, हे0का0 आदित्य यादव, हे0का0 मनोज सिंह ।

संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से 05 स्थान पर लगवाये गये 22 सीसीटीवी कैमरे

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में आज दिनांक 24.01.2025 को संतकबीरनगर पुलिस द्वारा जनसहयोग से 05 स्थान पर 22 सीसीटीवी कैमरें लगवाये गये। थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 03 स्थान पर 14 कैमरा, थाना बखिरा पुलिस द्वारा 02 स्थान पर 08 कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संतकबीरनगर पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरें से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा।